दैनिक भास्कर 18/09/24

एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए पौधे



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग ने एसडीजी व इको क्लब के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस नैन ने किया। डॉ. नैन ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, जिससे हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ रहे। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 63 पौधे लगाए। मौके पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, डॉ. तृप्ति शर्मा, डॉ. अमिता, डॉ. भारती विज व प्रो. लवप्रीत मौजूद थे।